दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। शनिवार 17 अगस्त -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 308 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : 3







## अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति-पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने भी श्रद्धांजलि दी। अटल बिहारी वाजपेयी की दत्तक पुत्री नमिता कौल भट्टाचार्य भी सदैव अटल में पूर्व पीएम को पुष्पांजलि अर्पित की। एनडीए के अन्य नेताओं ने भी सदैव अटल में पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व पीएम को याद किया। उन्होंने लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटलजी की पुण्यतिथि पर मैं उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

**गृह मंत्री ने भी पूर्व पीएम को याद किया :** अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी उन्हें याद किया। उन्होंने कहा, देश में जब-जब राजनीतिक शुचिता, राष्ट्रहित के प्रति निष्ठा व सिद्धांतों के प्रति अडिगता की बात आएगी, अटल जी जरूर याद आएँगे। एक तरफ जहाँ भाजपा की स्थापना के माध्यम से उन्होंने राष्ट्रहित की वैचारिकी को लोकप्रिय बनाया, वहीं प्रधानमंत्री के रूप में देश को सामरिक व आर्थिक रूप से मजबूती दी। भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन करता हूं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हमारे देश की सुरक्षा और आर्थिक आधुनिकीकरण में उनके आजीवन योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी पोस्ट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, कोटिशः भाजपा कार्यकताओं के प्रेरणा-पुंज 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन करता हूं। अटल जी ने भारतीय राजनीति में सेवा और सुशासन की मजबूत आधारशिला रखने के साथ पोखरण परमाणु परीक्षण के द्वारा संपूर्ण विश्व को भारत के विराट सामर्थ्य का परिचय दिया।

## खोड़ा पेयजल योजना के लिए हुए 187 करोड़ रुपए स्वीकृत
## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जताया नगर विकास मंत्री केके शर्मा का आभार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा लखनऊ में नगर विकास मंत्री केके शर्मा से मुलाकात की और उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नगर विकास मंत्री केके शर्मा का आभार भी व्यक्त किया। सुनील शर्मा देश के नंबर वन विधायक हैं वो देश की सबसे बड़ी विधानसभा से सबसे बड़ा जनादेश प्राप्त करने वाले विधायक हैं।

वो उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और उनकी सबसे बड़ी खास बात ये है कि हमेशा अपनी विधानसभा के जनहित से जुड़े से हर मुद्दे से जुड़कर चलते हैं। व्यापक जनसम्पर्क है और जन सेवा का एक लंबा अनुभव है। इन सबके साथ साथ उनके विराट व्यक्तित्व का अपना आकर्षण है। ये उनका व्यक्तित्व ही है कि जब उनकी विधानसभा के एक क्षेत्र के लिए बजट की स्वीकृति हुई तो स्वयं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा नगर विकास मंत्री के पास पहुंचे। फूलों का गुलदस्ता देकर आभार व्यक्त किया।

**कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि इस पूरी परियोजना को लेकर वह मीडिया के साथ विस्तार से चर्चा करेंगे और क्षेत्र की जनता का भी आभार व्यक्त करेंगे।**

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यह सरकार से ज्यादा जनता के उपहार का मामला है। हमारी सरकार में जनता को और खासतौर से मेरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को एक बड़ा उपहार मिलने जा रहा है। नगर विकास मंत्री ने हमारे क्षेत्र के लिए एक परियोजना के बजट पर स्वीकृति पर मुहर लगायी मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि हम जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं और हमारी सबसे बड़ी जवाबदेही जनता के प्रति है। यह जनमानस में हमारी सरकार की छवि का भी सवाल है तो हम सरकार का हिस्सा हैं और अपनी सरकार के मंत्री का भी आभार व्यक्त करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस पूरी परियोजना को लेकर वह विस्तार से चर्चा करेंगे। मीडिया के साथ बात भी करेंगे और अपने क्षेत्र की जनता का भी आभार व्यक्त करेंगे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लखनऊ में नगर विकास मंत्री का अभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है और उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि मोदी जी, योगी जी जो कहते हैं वो करते हैं और खोड़ा के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है। लखनऊ में जब अमृत 2.0 पेयजल योजना के अन्तर्गत खोड़ा नगर पालिका के लिए 187 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए तो इस क्षेत्र के इस विधानसभा के विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नगर विकास मंत्री केके शर्मा का समस्त खोड़ा परिवार की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।




## आज रहेगी डॉक्टर्स की हड़ताल, पुलिस-खुफिया तंत्र अलर्ट
## सुबह से लेकर शाम तक दिखेगा हड़ताल का असर

### हड़ताल के दौरान सभी चिकित्सकीय सेवाएं बंद रखने का किया गया है ऐलान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कोलकाता में डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले शनिवार को आईएमए से जुड़े सभी चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे। यह हड़ताल शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे तक चलेगी। हड़ताल के दौरान ओपीडी, लैब, अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर समेत सभी चिकित्सकीय सेवाएं बंद रखने का ऐलान किया गया है। प्रदेश आईएमए टीम से प्रेसवार्ता में मौजूद डा. आशीष अग्रवाल और डा. राजीव गोयल ने बताया कि 24 घंटे की हड़ताल की कॉल आईएमए मुख्यालय से है जो पूरे देश में लागू होती है। आईएमए गाजियाबाद की अध्यक्ष डा. वाणी पुरी रावत ने कहा कि कल की हड़ताल एतिहासिक होगी, जो प्रदेश और देश की सरकार को डाक्टरों की सुरक्षा के बारे में सोचने के लिए मजबूर कर देगी। प्रेसवार्ता में आईएमए गाजियाबाद ने कहा है कि चिकित्सा एवं मानवता के इतिहास में एक और विभत्स त्रासदी से हम सभी लोगों का 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में सामना हुआ। ड्यूटी पर महिला डॉक्टर की जघन्य हत्या कर दी गयी। इस घटना की जानकारी ने हम सभी कीआत्मा छलनी को छलनी करके रख दिया। हम सभी इस बात को जानते हैं कि रेजीडेंट डाक्टरों के साथ बंधुआ मजदूरों जैसा व्यवहार होता है।36 से 48 घंटे तक की ड्यूटी कराई जाती है और इस दौरान खाने पीने की भी कोई सुदृढ़ व्यवस्था नहीं होती। नहाने धोने की कोई व्यवस्था नहीं होती, अब तो सुरक्षा भी तार तार हो गई है। आईएमए का कहना है कि इससे ज्यादा रोंगटे खड़े करने वाली घटना हो ही नहीं सकती।

### पुलिस रहेगी अलर्ट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने कहा है कि सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबदस्त रहेंगे। वहीं किसी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति को नहीं होने दिया जाएगा। हड़ताल व प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।

## क्यों नजर नहीं आए कोई भी माननीय पुलिस वाले आयोजन में
## क्या थी वजह, जो जुदा नजर आई कमिश्नरेट वाली तस्वीरें



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में क्या सब कुछ ठीक चल रहा है। यह सवाल 15 अगस्त पर ध्वजारोहण समारोह और पुलिस कमिश्नरट वाले कार्यक्रम की तस्वीरों के बाद फिर उठ रहा है। कार्यक्रम और पुलिसकर्मियों के सम्मानित होने वाले समारोह में किसी भी जनप्रतिनिधि की उपस्थिति ना होना बता रहा है कि मामला कुछ इस बार अलग था।

हालांकि अभी कुछ दिन पहले ही जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ एक पौधा मां के नाम अभियान वाली तस्वीरें आई थीं वह भी बेहद जुदा थीं।

पुलिस कमिश्नरेट के हर जोन में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री से लेकर राज्य मंत्री, सांसद से लेकर विधायक और एमएलसी से लेकर अन्य जनप्रतिनिधि नजर आ रहे थे, तो कुछ दिनों बाद ऐसी तस्वीरें आई जो बिल्कुल हैरान करने वाली हैं।

### कैबिनेट से लेकर राज्य मंत्री और सांसद से लेकर एमएलसी हैं कमिश्नरेट में मौजूद

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में जहां उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा हैं। तो वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप हैं। सांसद अतुल गर्ग हैं, तो पांच विधायक, दो एमएलसी और और कई अन्य जनप्रतिनिधि भी गाजियाबाद में ही रहते हैं। इसके बावजूद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कार्यक्रम में कोई भी खादीधारी नजर नहीं आया। इसको लेकर कई तरह की चर्चा हो रही है।

### अन्य कार्यक्रमों में भरपूर दिखी नेताओं की उपस्थिति

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अलग-अलग कार्यक्रमों में भले ही कोई माननीय और जनप्रतिनिधि ना दिखाई दिया हो, लेकिन शहर के अन्य आयोजन जिसमें नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन, सिविल डिफेंस से लेकर सोसाइटी, स्कूल और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी देखने को मिली है। पुलिस से रहीं दूरी की चर्चा गाजियाबाद में जमकर हो रही है।

# गाजियाबाद में 78वें स्वाधीनता दिवस पर दिखा जोश, उमंग और उत्साह

## सरकारी कार्यालयों, स्कूल -कॉलेजों और सामाजिक संगठनों ने तिरंगे को किया सलाम | हिंदी भवन में नाटक, तो सोसाइटी में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गुरुवार को देश ने 78वें स्वाधीनता दिवस को मनाया और स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए सेनानियों को याद किया गया। इस दौरान गाजियाबाद के पुलिस, प्रशासन और सरकारी कार्यालयां में ध्वजारोहण और शहीदों को याद करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं शहर के प्रमुख स्कूल-कॉलेजों के साथ ही राजनीतिक दलों और सोसाइटी में स्वतंत्रता दिवस की रौनक देखने को मिली। गाजियााबाद जिले में जगह-जगह तिरंगी थीम पर सजावट का नजारा अलग ही संदेश दे रहा था। तो वहीं बच्चों से लेकर बड़े तक आजादी के रंग में रंगे हुए नजर आए।

### पुलिस ऑफिस से लेकर डीएम कार्यालय पर फहराया गया झंडा


करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस ऑफिस में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने ध्वजारोहण किया। तो वहीं पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने भी पुलिस लाइन में ध्वजारोहण करते हुए अलग-अलग क्षेत्र में योगदान और अद्म साहस का परिचय देने वाले पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए मिष्ठान वितरित किया गया। पुलिस ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम में एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना ने भी सलामी दी। इस दौरान एसीपी स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी एसीपी कार्यालयों और थानों पर भी तिरंगा शान के साथ लहराया गया। वहीं जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अपने कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया और देश की आजादी के महत्व को बताया।





### नगर आयुक्त और जीडीए वीसी ने दी तिरंगे को सलामी

करंट क्राइम : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने ध्वजारोहण किया और इस शुभ अवसर की सभी को बधाई देते हुए आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। तो वहीं नगर निगम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के साथ ध्वजारोहण किया गया। यहां पौधारोपण करने के साथ ही शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद उनके परिजनों को प्रतीक चिन्ह देकर उनकी शहादत पर सलाम किया गया।





### नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी हुआ आयोजन

करंट क्राइम : देश गुरुवार को स्वाधीनता दिवस की 78वीं वर्षगांठ बना रहा था। तो इस दौरान सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल की ओर से हिंदी भवन में इस अवसर पर एक नाटक का आयोजन किया गया। नाटक में बड़ी संख्या में शहर के प्रमुख लोगों ने भाग लिया और इसका लुफ्त उठाया। वहीं शहर के अलग-अलग इलाकों की सोसाइटी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भागीदारी देखने को मिली। तो वही देशभक्ति का भी नजारा प्रस्तुत किया गया।





# शहीद स्मारक पर आयोजित स्वाधीनता दिवस समारोह में शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की गई।

















गाजियाबाद करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ध्वजारोहण किया। जिला प्रशासन,नगर निगम और सिविल डिफेंस द्वारा आयोजित समारोह में सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल तथा जिला प्रशासन,नगर निगम, के अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# राष्ट्र भक्ति कार्यक्रम आयोजित












गाजियाबाद करंट क्राइम। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर सिविल डिफेंस द्वारा राष्ट्र भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा पुरुस्कार वितरित किए गए।

# छात्र-छात्राओं को संस्कार एवं देशभक्ति की शिक्षा दें : डॉ. अतुल कुमार जैन

## डा.अतुल जैन ने प्राथमिक विद्यालय नासिरपुर में छात्रों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 78वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर डॉ.अतुल कुमार जैन ने प्राथमिक विद्यालय नासिरपुर पहुंचकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और स्वतंत्रता दिवस विद्यालय के प्रांगण में छात्र-छात्राओं के साथ मनाया। इस अवसर पर अतुल कुमार जैन ने प्रधानाचार्य और शिक्षक गण के साथ शहीदों और महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करके एवं पुष्प अर्पण करके नमन किया और छात्र-छात्राओं को स्वाधीनता का महत्व बताते हुए स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग





कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बहुत ही सुंदर कार्यक्रम की तैयारी कराने वाले प्रधानाचार्य हामिद सैफी, शिक्षक अरविंद कुमार और अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं की प्रशंसा करते हुए डॉ.अतुल कुमार जैन ने उनको बधाई दी और निवेदन किया कि सभी छात्र-छात्राओं को संस्कार एवं देशभक्ति की शिक्षा अवश्य दें जिससे बड़े होकर छात्र-छात्राएं समाज और देश की सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। ये बच्चे ही बड़े होकर देश का गौरव बनेंगे और भारतवर्ष को विश्व में एक शीर्ष स्थान प्राप्त करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# गणेश अस्पताल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## नि:शुल्क जांच शिविर का 250 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणेश अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान अस्पताल की चेयरमैन डॉक्टर अर्चना शर्मा, डायरेक्टर डॉक्टर प्रतीक शर्मा, डायरेक्टर मोनिषा शर्मा आदि ने सबसे पहले स्टाफ के साथ ध्वाजारोहण कर एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इसके बाद निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 250 से अधिक लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. चुमकाई देव सिन्हा, डॉ. शिवम, डॉ. सिद्धार्थ टंडन,डॉ. अंशुल गर्ग, डॉ. उमेश मदान, डॉ. अरनव त्यागी, डा. मोनिषा शर्मा, डॉ. भाष्कर अग्रवाल ने मरीजों को निःशुल्क परमार्श दिया और जांच की। कार्यक्रम को सफल बनाने में जीएम एडमिन संजय केसरवानी, जीएम एचआर बिराज सिंह का सहयोग रहा।

# अग्निशमन इकाई जनपद गाजियाबाद ने सादगी और हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अग्निशमन इकाई जनपद गाजियाबाद के फायर स्टेशन वैशाली पर प्रातः 08:00 बजे राहुल पाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा 78वें स्वतन्त्रता दिवस समारोह को भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में परम्परागत रूप से सादगी, हर्षोल्लास एवं आकर्षक ढंग से मनाते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। साथ ही जनपद के अन्य फायर स्टेशनों कोतवाली, साहिबाबाद, मोदीनगर, लोनी पर सभी प्रभारी अधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा सभी कर्मियो को भारत के गौरवशाली इतिहास, स्वतन्त्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाते हुए शपथ ग्रहण कराई गई।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।शनिवार 17 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Kuldeep Kasana
5h ·

एक नेक सलाह.......

"जिनके खुद के घर शीशे के होते हैं
........वह दूसरों के
घरों पर पत्थर नहीं फेंका करते"






# नगर निगम में टूट गई परम्परा या माना जाये इसे आपसी विवाद का स्वैग

## मेयर नहीं पहुंचीं ध्वजारोहण में और नगर आयुक्त ने फहरा दिया फ्लैग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम इन दिनों चचाओं में है। यहां नगर निगम के बड़े अधिकारी और नगर निगम की मुखिय के बीच आरोपों को लेकर जंग शुरू हुई। मैटर को लेकर लैटर वॉर का आगाज हुआ और फिर ऑफर की झड़ी लगी। विकास की बातें होनी लगी और विकास की बातों में विवाद है। आमतौर पर नगर आयुक्त और मेयर के बीच अधिकारों को लेकर, किन्हीं प्रस्तावों को लेकर वैचारिक मदभेद हो जाना कोई नई बात नहीं है और पत्राचार से भी प्रहार हो जाते हैं, पहले भी हुए हैं। लेकिन जब केन्द्र से लेकर प्रदेश तक सरकार भाजपा की है नगर निगम के 100 पार्षदों में 75 पार्षद भाजपा के हैं। नगर निगम की मेयर रिकार्ड वोटों से चुनाव जीतीं हैं तो फिर बहुमत वाला सदन और सत्ताधारी दल की मेयर के बीच मेयर और नगर आयुक्त के बीच जारी विवाद शांत नहीं हो रहा है। गुरूवार को जब स्वाधीनता दिवस का मौका आया जब ये विवाद एक बार फिर उभर आया।

ये परम्परा रही है कि नगर निगम में नगर आयुक्त और मेयर मिलकर ध्वजारोहण करते हैं। नगर निगम के कर्मचारी और पार्षद एकत्र होते हैं। लेकिन गुरूवार को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर ये परम्परा टूट गई और ऐसा क्या हुआ कि नगर निगम सदन की मुखिया मेयर सुनीता दयाल नगर निगम के ध्वजारोहण कार्यक्रम में नहीं पहुंची। अधिकांश भाजपा पार्षद भी नहीं पहुंचे और यहां नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उनके साथ निगम कर्मचारियों और वहां मौजूद पार्षदों ने राष्ट्रगान गाया। इसके बाद एक प्रभात फेरी भी निकली लेकिन इस पूरे सीन में कहीं भी मेयर सुनीता दयाल का चेहरा नजर नहीं आया। ये दूरियां इतनी बढ़ेंगी इसका किसी ने सोचा नहीं था। बहरहाल मेयर सुनीता दयाल शहर में ही थी इसलिए नहीं कहा जा सकता कि बाहर होने की वजह से निगम में नहीं पहुंची और अभी ये भी सामने आना है कि निमंत्रण मेयर को दिया गया था या नहीं दिया गया था। मेयर की तरफ से किसी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था या नहीं रखा गया था लेकिन मेयर का नगर निगम के स्वाधीनता दिवस समारोह में ना जाना चर्चा का विषय रहा। वैसे मेयर से जुड़े निकटस्थ लोगों का कहना था कि मेयर को आयोजन में आना था, मगर किसी दूसरे आयोजन में देरी होने की वजह से वो आ नहीं पाईं।

## महानगर कार्यालय से लेकर शहर के कई कार्यक्रमों में राष्ट्रीय ध्वज को दी सलामी



**करंट क्राइम।** मेयर सुनीता दयाल भले ही नगर निगम के ध्वजारोहण में नहीं पहुंचे। लेकिन वो शहर के कई कार्यक्रमों में शामिल हुई उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। संविधान के प्रति, स्वाधीनता दिवस के प्रति निष्ठा को जगाया और कई कार्यक्रमों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मेयर सुनीता दयाल भाजपा महानगर कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। इसके अलावा वो कई अन्य कार्यक्रमों में गई लेकिन सिविल डिफेंस के उस ध्वजारोहण कार्यक्रम में मेयर नहीं दिखीं, जिसमें सरकारी अधिकारी मौजूद थे। बहरहाल मेयर ने शहर में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। वो ध्वजारोहण के कार्यक्रमों में मौजूद रहीं और एक संदेश उन्होंने दिया और संदेश वहीं तक पहुंचा जहां तक उसे पहुंचना चाहिए था।

# उपचुनावों की घोषणा ना होने से फिरा दावेदारों की उम्मीदों पर पानी

## अब लगाया जा रहा है अनुमान दिसम्बर महीने में ही होगा यहां उपचुनाव

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिन्हें चुनाव लड़ना है वो अब एक एक दिन का इंतजार कर रहे हैं। सब अपनी अपनी दावेदारी को धार दे रहे हैं। सभी को इंतजार चुनाव आयोग की अधीसूचना का है। लेकिन जब जम्मू कश्मीर और हरियाणा के चुनावों की घोषणा हुई तो इसके साथ उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनावों की घोषणा नही हुई। इसी के साथ ये तय हो गया कि अब चुनाव की तिथि आगे खिसकेगी। उपचुनावों की घोषणा ना होने के बाद उपचुनाव वाली विधानसभा में चुनाव वाली दावेदारी कर रहे चेहरों की चुनावी उम्मीदों पर पानी फिर गया है क्योंकि अब चुनाव लेट होंगे और यहां तब तक दावेदारी को और मजबूती देनी होगी। बहरहाल उपचुनावों की घोषणा नहीं हुई है और इस घोषणा ना होने वाले सीन में चुनावी दावेदारों को बेचैन किया है। अब उन्हें इंतजार करना होगा और सबसे बड़ी बात ये है कि इंतजार के साथ साथ उन्हें इस अवधि में अपनी दावेदारी को भी मजबूती से संभाल कर रखना होगा। उपचुनाव वाली लिस्ट में गाजियाबाद भी शामिल है गाजियबाद की शहर सीट पर उपचुनाव होना है। शहर सीट यहां के विधायक अतुल गर्ग के लोकसभा चुनाव जीत जाने पर रिक्त हुई है। ये भाजपा की विनिंग सीट है और सिटिंग विधायक लोकसभा पहुंचे हैं। यहां पर दावेदारी का बड़ा मेला भी भाजपा में है। भाजपा की ओर से इस समय पंजाबी समाज सबसे अधिक दावेदारी कर रहा है। उसके चेहरे अपनी सियासी भागीदारी मांग रहे हैं और अब सियासत में हिस्सा मांग रहे दावेदारों को वेट करना होगा। सूत्र बताते हैं कि अब इन चेहरों को दिसम्बर तक इंतजार करना होगा। दिसम्बर महीने में चुनाव होना ही है क्योंकि चुनाव आयोग के निदेशों के अनुसार छह महीने के अंदर चुनाव हो जाना चाहिए और दिसम्बर महीने में चुनाव होगा। लेकिन तब तक इन दावेदारों के साथ इंतजार के सिवा और कुछ विकल्प बाकी नहीं है।

# 56 दिन में खुल गया सिर कटी लाश का राज, पुलिस ने खंगाला था 161 थानों का गुमशुदगी रिकॉर्ड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन की पुलिस ने आखिरकार 56 दिन के भीतर सिर कटी लाश के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम और टीलामोड़ थानाध्यक्ष करतार सिंह ने इस पूरे मामले का खुलासा किया है। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि इस सनसनीखेज हत्याकांड के खुलासे के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने दिल्ली के 161 थानों का गुमशुदगी रिकॉर्ड भी चेक किया था।

इस पूरे मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी विकास और धनंजय को गिरफ्तार किया है, जबकि इस मामले में तीसरे आरोपी विकास उर्फ परमात्मा जो कि पेशे से तांत्रिक है ,उसकी तलाश बाकी है। कमिश्नरेट पुलिस को इस पूरे मामले में कब्जे में एक थ्री व्हीलर, एक ई-रिक्शा और सिर काटने के लिए इस्तेमाल छुरी को भी बरामद करने का काम किया है।

## हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरे आरोपी की तलाश जारी



### पहले पिलाई थी शराब, फिर गमछे से गला दबाकर की थी हत्या



मृतक राजू कुमार (फाइल फोटो)

**करंट क्राइम।** डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि 22 जून को टीलामोड़ थानाक्षेत्र में सड़क किनारे सिर कटी लाश मिली थी, इस मामले के खुलासे के लिए लगातार टीमें काम कर रही थीं। इसमें दिल्ली पुलिस की भी मदद ली जा रही थी। मृतक की पहचान मोतीहारी बिहार निवासी राजू कुमार पुत्र भैरव शाह के रूप में हुई। जिसकी उम्र लगभग 29 वर्ष थी। पुलिस ने बताया है कि हमदर्द चौक पर अपने फूफा के साथ ठेली लगाने वाले राजू को इन्होंने अपने ऑटो में बिठाया था। उसको अपने साथ किराए के मकान पर ले गए, जहां जाकर शराब के नशे में गमछे से गला दबाकर राजू की हत्या की गई, फिर चाकू और छुरी से गला काटकर हत्या को अंजाम दिया गया।

### तांत्रिक दोस्त ने बताया था सिर कटी लाश देने पर मिलेगा मोटा पैसा

**करंट क्राइम।** इस पूरे मामले में शुक्रवार को अधिकारियों ने खुलासा किया, तो जानकारी दी है कि आरोपियों के मुताबिक इन्होंने अपने तांत्रिक दोस्त विकास उर्फ परमात्मा के कहने पर हत्या की थी। विकास ने इन दोनों को लालच दिया था कि अगर तुम खोपड़ी ले आओगे तो मैं तुम्हें पैसा दूंगा। इसके बाद काला जादू करके और पैसे दूंगा। हत्या करने के बाद सिर कटी लाश को टीलामोड़ थानाक्षेत्र में फेंका गया था। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि दोनों ने हत्या तांत्रिक क्रिया के लिए खोपड़ी इस्तेमाल करने के लिए की गई थी।

### एसीपी और थाना प्रभारी खुद कर रहे थे मॉनिटरिंग

**करंट क्राइम।** इस पूरे मामले में डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि सिर कटी लाश के खुलासे के मामले में एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम और थाना प्रभारी करतार सिंह खुद मॉनिटरिंग कर रहे थे। पुलिस ने लगभग 56 दिनों के बाद इस घटना का सफल अनावरण किया है।

# जिन बातों को नहीं कह पाये भगवा पंजाबी चेहरे

## उन बातों को इन्द्रजीत टीटू ने रख दिया अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के सामने

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कहानी में सरकार है, कहानी में दावेदार है और कहानी में राष्ट्रीय लोकदल वाले सरदार हैं। सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू गुरूद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष भी हैं और वो रालोद के माईन्योरिटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। पंजाबी समाज की सियासी भागीदारी को लेकर वो लंबे समय से आवाज उठा रहे हैं। चुनाव लड़ने वाले पंजाब चेहरों को वो प्रमोट भी करते हैं और सपोर्ट करने की बात भी कहते हैं यहां तक की प्रमोट सपोर्ट के साथ साथ उन्होंने नोट देने का भी ऐलान किया।

इन दिनों इन्द्रजीत सिंह टीटू भाजपा विचारधारा के समर्थक हैं। उनके दल का भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन है, सियासी गठबंधन है। लिहाजा इन्द्रजीत सिंह टीटू भी सियासी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए उसी भाषा को बोल रहे हैं जो भाजपा बोल रही है लेकिन यहां सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू की ये तारीफ करनी होगी कि वो अपनी कॉम को पंजाबी समाज को नहीं भूले हैं और सियासत के उस छोर पर खड़े होकर भी वो पंजाबी कॉम के लिए वो पूरा जोर लगा रहे हैं। वो पहले भी कह चुके हैं कि भाजपा यदि समाज को टिकट दे तो वो तन मन धन से साथ देंगे। ये बड़ी बात ये है कि सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू शहर के पुराने नेता है और मान सम्मान के साथ राजनीति करते हैं। उदार विचारधारा के हैं और अपनी बात को सौम्यता से रखते हैं। लेकिन सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने वाकई उस समय कमाल कर दिया जब उन्होंने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य और पार्लियमेट बोर्ड में मायन्योरिटी कमीशन बोर्ड के सदस्य सरदार इकबाल सिंह लालपुरा को पत्र लिखा। अपने पत्र में रालोद के मायन्योरिटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने पांच सूत्रीय मांगे रखी और यहां पर सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने उन बातों को खुलकर रख दिया जिन्हें भाजपा के भगवा पंजाबी चेहरे भाजपा के उपचुनाव वाले दावेदार जुबान पर नहीं ला पा रहे थे।

इन बातों को रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने प्रमुखता से रखा। उन्होंने सिख समाज की भागीदारी का मुद्दा उठाया और पांच सूत्रों में अपनी बातों को रखा है। बड़ी बात ये है कि यहां सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू पंजाबी समाज और खासतौर से सिक्ख समाज की बातों को रखने में सफल रहे हैं।

उन्होंने आयोग के अध्यक्ष सरकार इकबाल सिंह लालपुरा को अपने पत्र में ये भी लिखा कि आप सिक्ख माईन्योरिटी की नुमाईंदगी कर रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी पार्लियामेंट बोर्ड के मेम्बर है अगर आपके द्वारा यह हक की बात की जायेगी तो जरूर अच्छे परिणाम होंगे।



### उपचुनावों में पंजाबी समाज को मिले राजनीतिक भागीदारी

**करंट क्राइम।** सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने पत्र लिखा और उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई स्थानों पर उपचुनाव होने हैं और चार राज्यों में विधानसभा चुनाव आ रहे है। श्री टीटू ने कहा कि पंजाबी समाज की देश के प्रति समाज के प्रति और व्यापार के प्रति भागीदारी है और पंजाबी समाज की इस भागीदारी को मददेनजर रखते हुए अब राजनीति तौर पर भागीदारी मिलनी चाहिए। सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने सबसे पहले अपने पत्र में इसी मांग को उठाया है।

### उड़ीसा और हरिद्वार के गुरुद्वारों का उठाया बड़ा मामला

**करंट क्राइम।** रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने एक बड़ा मामला उठाया है उन्होंने मागूं मठ गुरूद्वारा और ज्ञान बोधड़ी गुरूद्वारे का मामला उठाया है। टीटू ने अपने पत्र में कहा कि 450साल पहले उड़ीसा के पुरी में बाबा नानक जी द्वारा स्थापित मांगूमठ गुरूद्वारा और हरिद्वार में ज्ञानबोधड़ी गुरूद्वारे के विवाद को खत्म किया जाये और दोनों गुरूद्वारों को भव्य रूप दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विषय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और सिक्ख समाज की भावनाओं का ध्यान रखते हुए सरकार इस मुद्दे पर ध्यान दे।

### केन्द्र वाली कमेटी और आयोग में चाहते हैं सिक्ख-पंजाबी चेहरों पर भी हो कृपा

**करंट क्राइम।** सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू केवल चुनावी भागीदारी की बात नहीं कर रहे हैं वो पंजाबी समाज की सरकार में हिस्सेदारी की बात कर रहे हैं। उनका विजन केवल एक टिकट पर नहीं है। जब उन्होंने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष को यहां उन्होंने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि केन्द्र सरकार की अनेक मंत्रालायों में बोर्ड कमेटियां बनी हुई हैं कई आयोग हैं और इन सभी बोर्ड कमेटियों में आयोगों में सिक्ख समाज की भागीदारी होनी चाहिए। उनके पत्र का सार ये है कि हिंदी समिति से लेकर पंजाबी एकेडमी तक जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। विभिन्न आयोग समितियों में पद होते हैं उन पर भी सिक्ख समाज की भागीदारी होनी चाहिए। बोर्ड कमेटियों में स्थान मिलना चाहिए।

## नोमीनेट पार्षद से लेकर जीडीए बोर्ड मेम्बर वाले सीन में होना चाहिए सिक्ख चेहरों का दीदार

**करंट क्राइम।** सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने अपने पत्र के माध्यम से उन भगवा दावेदारों के लिए रास्ते खोले हैं जो दावेदारी तो कर रहे हैं लेकिन बोल नहीं रहे। सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू चूंकि सरकार के सहयोगी दल में है और पूरी तरह से भागीदारी है और यहां पर पंजाबी समाज के लिए टीटू ने बड़ा दिल दिखाया है। उन्होंने सहयोगी दल धर्म निभाया और समाज के प्रति भी अपनी लायल्टी दिखाई है। सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने जब राष्ट्रीय अल्पसंख्या आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखा तो उन्होंने पत्र में पंजाबी समाज के चेहरों का जिक्र किया और कहा कि जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकार चल रही है जिन प्रदेशों में प्रदेश स्तर की जो बोर्ड कमेटी है उन सभी में सिक्ख समाज की भागीदारी होनी चाहिए। यहां पर सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने नामित पार्षदों से लेकर जीडीए बोर्ड मैम्बर में पंजाबियों की एन्ट्री के द्वार खोलने की बात कही है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकार चल रही है और प्रदेश स्तर की जो बोर्ड कमेटी है उनमें भी सिक्ख समाज की भागीदारी होनी चाहिए। सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने सिक्ख समाज की भागीदारी सरकारी कृपा में मांगी है। उन्होंने साफ कहा कि जिस तरह से नामित पार्षद होते हैं और जिस तरह से सरकार जीडीए बोर्ड मैम्बरों को नियुक्त करती है। सरकार केवल चुनाव के टिकट पर ना सोचे और पंजाबी समाज सिक्ख समाज के लिए नामीनेट पार्षद से लेकर जीडीए बोर्ड मैम्बर बनाने पर भी विचार करे।

## ननकाना साहब कोरीडोर बनाने की होनी चाहिए दोनों तरफ से पहल

**करंट क्राइम।** सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने अपने पत्र में चौथे नंबर के सूत्र पर जोर दिया है। उन्होंने ननकाना साहब कोरीडोर बनाने की पहल पर जोर दिया है। सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने अपने पत्र में लिखा है कि केन्द्र सरकार और पाकिस्तान सरकार ने मिलकर अच्छा निर्णय लिया और करतारपुर कोरिडोर खोला गया। सरदार टीटू ने अपने पत्र में यह मांग की है कि किसी तरह बाबा नानक के जन्म स्थान ननकाना साहब कोरीडोर बनाने की पहल की जानी चाहिए। श्रृद्धालुओं को दर्शन के लिए सुविधा दी जानी चाहिए। ये वो अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है जो आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठेगा।

## संपादकीय

# जेल नहीं, बेल हो नियम

देश की सर्वोच्च अदालत ने मंगलवार को एक बार फिर स्पष्ट शब्दों में यह संदेश दिया कि जमानत यानी बेल को नियम और जेल को अपवाद मानने की बात महज किताबी नहीं है। इसे न सिर्फ सामान्य मामलों में बल्कि UAPA जैसे विशेष कानून से जुड़े मामलों में भी व्यवहार में लाए जाने की जरूरत है।

पिछले कुछ समय से अलग-अलग मामलों में सुप्रीम कोर्ट बेल की अहमियत को बार-बार रेखांकित करता रहा है। इसका एक ताजा उदाहरण आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत पर दिया गया हालिया फैसला है। इस मामले में शीर्ष अदालत ने PMLA (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) जैसे विशेष कानून में दी गई ट्रिपल टेस्ट की कठोर कसौटियों के बावजूद ट्रायल में देरी को आधार बनाते हुए सिसोदिया को जमानत दे दी।

शीर्ष अदालत को बार-बार यह कहने की जरूरत इसलिए पड़ रही है क्योंकि कुछ बेहद कड़े कानूनों की वजह से हाल में यह मान्यता मजबूत होती दिख रही है कि जिसकी भी इन कानूनों के तहत गिरफ्तारी हो गई, उसे आसानी से जमानत नहीं मिलेगी। हालांकि ऐसे कई मामलों में आरोप बेहद गंभीर हैं, लेकिन हैं तो वे आरोप ही। ऐसे में अपराध साबित होने से पहले अगर किसी को महीनों और सालों जेल काटनी पड़ जाए तो न्याय की प्रक्रिया ही सजा बन जाती है।

ताजा फैसला इस लिहाज से खास तौर पर महत्वपूर्ण है। अव्वल तो यह मामला वअढअ यानी अनलॉफुल एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट जैसे विशेष कानून से जुड़ा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि ऐसे कानूनों में भी अगर दी गई व्यवस्थाओं के अनुरूप आधार बनता है तो अदालतों को जमानत देने से हिचकना नहीं चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में पटना हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट के रुख को गलत बताते हुए कहा कि उनका ध्यान मुख्यत: आरोपों की गंभीरता पर ही लगा रहा और वे साक्ष्यों का तटस्थ विश्लेषण नहीं कर पाए।

लेकिन यह बात भी गौर करने लायक है कि कई मामलों में अदालत से जमानत दिए जाने के फैसले को आम लोगों के बीच इस तरह से पेश किया जाता है जैसे अदालत ने बेगुनाह करार दिया हो। जमानत से छूटने पर सार्वजनिक तौर पर बाइक रैली करने का एक मामला सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाया गया और इसे कोर्ट ने गंभीरता से लिया। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में जमानत रद्द भी की जा सकती है। खास तौर पर राजनीतिक दलों के उन नेताओं को ऐसे मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है जो किसी न किसी गंभीर आरोप में कानूनी प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

# 25 भारतीय कंपनियां लाने जा रही 22,000 करोड़ रुपये के आईपीओ




**नई दिल्ली।** आने वाले समय में कम से कम 25 भारतीय कंपनियां 22,000 करोड़ रुपये के आईपीओ लाने जा रही हैं। आईपीओ के इन सभी प्रस्तावों को बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। एनालिस्ट की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। एनालिस्ट का कहना है कि वैश्विक उतार-चढ़ाव के बीच भी भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन अच्छा बना हुआ है। पेंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स ने कहा कि अगस्त के पहले हफ्ते में चार कंपनियों ने मिलकर 11,850 करोड़ रुपये के आईपीओ लाए और सभी सफल हुए हैं। एनालिस्ट का कहना है कि वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल होने के बाद भी भारतीय शेयर बाजार में तेजी बनी हुई है। हालांकि, आगे इस तेजी की रफ्तार आर्थिक वृद्धि दर, वैश्विक बाजारों के ट्रेंड और नियामकों के फैसलों पर निर्भर करती है। भारत में आईपीओ का बाजार हाल के दिनों में काफी गर्म रहा है। कुछ दिनों पहले लिस्ट हुई ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर में शुक्रवार को 20 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा। कंपनी की मार्केट वैल्यू बढ़कर 58,664 करोड़ रुपये हो गई। ओला इलेक्ट्रिक का शेयर अपने इश्यू प्राइस 76 रुपये से 75 प्रतिशत ऊपर 133.08 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। हाल ही लिस्ट हुई फर्स्टक्राइ की पेरेंट कंपनी ब्रेनबी सॉल्यूशंस अपने आईपीओ प्राइस 465 रुपये प्रति शेयर के मुकाबले 651 रुपये प्रति शेयर पर ट्रेड कर रहा है। भारतीय बाजार में एसआईपी का ट्रेड मजबूत रहा है। जुलाई में 23,331 करोड़ रुपये की एसआईपी देखने को मिली थी, जून में यह आंकड़ा 21,262 करोड़ रुपये पर था। जानकारों का कहना है एसआईपी निवेश में बढ़ोतरी होना दिखाता है कि निवेशक एसआईपी पर अधिक भरोसा कर रहे हैं और अनुशासित निवेश कर रहे हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 4.8 अरब डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.119 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 2 अगस्त को समाप्त सप्ताह में यह 7.533 अरब डॉलर की भारी बढ़ोतरी के साथ 674.919 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स 4.079 अरब डॉलर घटकर 587.96 अरब डॉलर हो गया। स्वर्ण भंडार भी 86 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 59.239 अरब डॉलर रह गया है। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.282 अरब डॉलर पर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 4.638 अरब डॉलर पर रही। विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग चार महीने बाद इतनी बड़ी गिरावट देखी गई है। इससे पहले 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में इसमें 5.4 अरब डॉलर की कमी आई थी। विदेशी मुद्रा भंडार देश की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख संकेतक है। इसके ऊंचे स्तर से देश को जरूरी आयात करने में आसानी होती है। साथ ही रुपये के कमजोर पड़ने की स्थिति में बाजार में हस्तक्षेप के लिए रिजर्व बैंक के पास विकल्प भी बढ़ता है।

# शेयर बाजार बड़ी तेजी के साथ हुआ बंद, सेंसेक्स 1,330 अंक उछला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। पूरे कारोबारी सत्र में बाजार में दमदार तेजी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,330 अंक या 1.68 प्रतिशत बढ़कर 80,436 और निफ्टी 397 अंक या 1.65 प्रतिशत बढ़कर 24,541 पर था। बाजार में तेजी की वजह अमेरिका में सकारात्मक आर्थिक आंकड़ों का आना है, जिससे दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी की संभावना कम हुई है। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर भी बढ़कर बंद हुए हैं। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,108 अंक या 1.96 प्रतिशत बढ़कर 57,656 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 349 अंक या 1.93 प्रतिशत बढ़कर 18,436 पर बंद हुआ। बाजार में स्थिरता दशार्ने वाले इंडिया विक्स में 6.74 प्रतिशत की गिरावट हुई है और यह 14.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में 29 शेयर हरे निशान में बंद हुए हैं। विप्रो, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, टीसीएस, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील टॉप गेनर्स हैं। सन फार्मा ही केवल लाल निशान में बंद हुआ है। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल, एफएमसीजी और रियल्टी टॉप गेनर्स थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,440 शेयर हरे निशान, 1,493 शेयर लाल निशान और 97 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि जापानी येन में स्थिरता, अमेरिका में रिटेल सेल्स और साप्ताहिक जॉब लेस क्लेम में कमी आना बाजार में तेजी की वजह है। अमेरिका में महंगाई कम होने का आईटी शेयरों पर सकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।

# भारत के फार्मा सेक्टर का निर्यात जुलाई में 8 प्रतिशत से अधिक बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारत के फार्मा सेक्टर का निर्यात जुलाई में 8.36 प्रतिशत बढ़कर 2.31 अरब डॉलर हो गया। फार्मा निर्यात में बढ़त की वजह पश्चिमी देशों में भारत निर्मित जेनेरिक दवाइयों की लोकप्रियता बढ़ना है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के फार्मा सेक्टर के निर्यात में सालाना आधार 9.67 प्रतिशत का इजाफा हुआ था और यह 27.9 अरब डॉलर पर रहा था। भारत के फार्मा निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 31 प्रतिशत है। इसके बाद यूके और नीदरलैंड की हिस्सेदारी 3-3 प्रतिशत है। ब्राजील, साउथ अफ्रीका, आयरलैंड और स्वीडन भारत के लिए नई एक्सपोर्ट मार्केट हैं। ताजा आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल निर्यात में फार्मा सेक्टर की हिस्सेदारी 6.4 प्रतिशत ही गई है, जो कि वित्त वर्ष 2018-19 में 5.8 प्रतिशत थी। रिपोर्ट्स के अनुसार भारत की फार्मा इंडस्ट्री 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर की हो सकती है, जो कि 2024 में 65 अरब डॉलर की है। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया कि भारत के फार्मा सेक्टर की ओर से नियमों का सख्ती से पालन किया जाता है। इंडस्ट्री के पास 703 यूएस एफडीए अप्रूव्ड सुविधाएं, 386 यूरोपियन गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (जीएमपी) वाले प्लांट और 241 विश्व स्वास्थ्य संगठन के गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (जीएमपी) वाले प्लांट हैं। दिसंबर 2023 में शेड्यूल-एम के तहत वैश्विक स्तर की मैन्युफैक्चरिंग के लिए नियमों में बदलाव भी किया गया था। सर्वे में कहा गया कि पीएलआई स्कीम का इस सेक्टर पर सकारात्मक असर हो रहा है। इससे आयात और निर्यात में अंतर को कम करने में मदद मिल रही है। अब सीटी स्कैन मशीन, एमआरआई मशीन और अन्य मेडिकल उपकरणों का घरेलू स्तर पर प्रोडक्शन हो रहा है। बल्क ड्रग के लिए लाई गई पीएलआई स्कीम में 48 प्रोजेक्ट्स को अनुमति दी गई है। इससे सेक्टर में 3,938.6 करोड़ रुपये का निवेश आया है।

## राशिफल

**मेष:** दिन शुभ रहेगा। सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए नए अवसर प्राप्त करने का अच्छा समय है।

**वृष:** आज घर में किसी नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल रहेगा।

**मिथुन:** आज आपको पैसों की प्लानिंग में किसी का सहयोग मिल सकता है। आज यात्रा करने से बचें क्योंकि इससे आपको थकान और तनाव महसूस होगा।

**कर्क:** दिन आपके लिए अच्छा नहीं रहेगा। भाई-बहनों के साथ विवाद अस्थिरता पैदा कर सकता है। यदि आप वरिष्ठों को संतुष्ट कर सकते हैं तो समर्पित परिश्रम से।

**सिंह:** आज आप किसी महत्वपूर्ण कार्य को निपटाने में सफल रहेंगे। प्रेम-संबंध मधुरता से भरे रहेंगे। दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी।

**कन्या:** आज संतान को लेकर चिंता हो सकती है। पारिवारिक मोर्चे पर चीजें अच्छी होंगी और आप अपनी योजनाओं के लिए पूर्ण समर्थन की उम्मीद कर सकते हैं।

**तुला:** आज का दिन काफी विवादास्पद साबित हो सकता है। आपको अपने वरिष्ठों की उपेक्षा का सामना करना पड़ेगा और सहयोगी आपकी कमजोरियों को भुनाएंगे।

**वृश्चिक:** दोस्तों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहेगा, आप काम में कम महसूस कर सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचे।

**धनु:** आप किसी ऐसे स्रोत से धन कमा सकते हैं, जिसके बारे में आपने पहले कभी सोचा भी नहीं होगा। आज किया गया निवेश काफी फायदेमंद साबित होगा।

**मकर:** आपकी नौकरी की स्थिति में सुधार संभव है। लेकिन स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बनी रह सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपको विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ:** आज आप पर काफी भरोसा रहेगा। साथ ही आपको उन्नति के भी कई अवसर प्राप्त होंगे। आज आप परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां आपके पक्ष में होती नजर आएंगी। जोखिम भरे कार्य न करें। आज आपका एनर्जी लेवल हाई रहेगा। गंभीर विषयों पर चर्चा हो सकती है।

## चुटकुले

पति ने पत्नी को मैसेज किया - आज रात डिनर पर मेरे साथ कुछ दोस्त आ रहे हैं, अच्छा सा खाना बनाना...!
पत्नी का कोई जवाब नहीं आया...!
फिर पति ने दूसरा मैसेज किया - मेरी सैलरी ज्यादा हो गई है,
अगले महीने तुम्हें सोने की अंगूठी लाकर दूंगा...!
पत्नी ने रिप्लाई किया - ओ माय गॉड, सच्ची...!
पति - नहीं, वो तो मैं चेक कर रहा था कि मेरा पहला मैसेज मिला या नहीं, वरना तुम बोलोगी मुझे तो मैसेज मिला ही नहीं...!

---

पत्नी - मेरी तबीयत ठीक नहीं लग रही है...!
पति - ओह्ह, पर मैं तो तुम्हारे साथ शॉपिंग पर जाने की सोच रहा था...!
पत्नी - जानू, मैं तो मजाक कर रही थी...!
पति - मैं भी मजाक ही कर रहा था, चल उठ के खाना बना...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- अल्बर्ट आइंस्टीन की अपनी कोई कार नहीं थी और उन्होंने कभी नहीं सीखा कि कैसे ड्राइव करना है।
- अल्बर्ट आइंस्टीन मोजे पहनना पसंद नहीं करते थे।
- अल्बर्ट आइंस्टीन के मस्तिष्क में एक पेरिएटल लोब था जो औसत मस्तिष्क से 15% बड़ा था।
- अल्बर्ट आइंस्टीन ने खुद को एक नास्तिक मान लिया था।
- आइंस्टीन की महान सफलता प्रयोगशाला के बजाय अपने सिर में किए गए दृश्य प्रयोगों से आई थी।
- आइंस्टीन एक बच्चे के रूप में एक धीमी शिक्षार्थी थे और बहुत धीरे से बात करते थे।
- रोगविज्ञानी जिसने आइंस्टीन के मृत शव का निरिक्षण किया था उसने उनका मस्तिष्क चुरा लिया और उसे 20 साल तक जार में रखा।
- आइंस्टीन के नोबेल पुरस्कार पैसे तलाक के निपटारे के रूप में उनकी पूर्व पत्नी के पास गए थे।
- आइंस्टीन को इजराइल के राष्ट्रपति पद की पेशकश की गई जिसे उन्होंने विनम्रता से अस्वीकार कर दिया।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# विधायक अजीत पाल त्यागी ने पार्क में पौधरोपण कर स्वतंत्रता दिवस को सार्थक बनाया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्थान समिति ने गाजियाबाद शहर में तीन स्थानों पर झण्डारोहण का कार्यक्रम किया। सर्वप्रथम प्रातः 7 बजे अवन्तिका में महाराणा प्रताप चौक पर स्थित उत्थान वाटिका में झण्डारोहण का कार्यक्रम हुआ। राजनगर सेन्ट्रल पार्क में प्रातः 8 बजे भारत के सबसे ऊँचे 115 फिट स्टेनलेस स्टील के पोल पर झण्डारोहण का कार्यक्रम किया गया।

तत्पश्चात प्रातः 9 बजे शास्त्री नगर आई ब्लॉक में स्थित पार्क में 35 फिट ऊंचे स्टेनलेस स्टील के पोल की स्थापना एवं झंडारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्थान समिति के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अजीत पाल त्यागी उपस्थित थे। इन्होंने शास्त्री नगर में पोल की स्थापना एवं झण्डारोहण किया। इस अवसर पर स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध कवि, शायर एवं पत्रकार राज कौशिक ने किया। कार्यक्रम के संयोजक उत्थान समिति के डायरेक्टर जनरल अरुण त्यागी थे जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को अत्यंत ही खूबसूरत तरीके के सजाया था। कार्यक्रम के अंत में विधायक अजीत पाल त्यागी एवं अन्य सभी गणमान्य व्यक्तियों ने पार्क में 78 पौधे लगाकर स्वतंत्रता दिवस को सार्थक बनाया। इस अवसर पर नगरनिगम के सफाई कर्मचारियों एवं मालियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सर्टिफिकेट एवं मैडल देकर विधायक अजीत पाल त्यागी के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ रीना अबी, अशोक कुमार, नरेन्द्र गुप्ता, महेश चौधरी, धीरज गोयल, सतीश कुमार, अंशुल राणा, नीरज शर्मा, पंकज शर्मा, अजीत सागर, वीरेन्द्र कुमार, केदारनाथ तिवारी, गोविंद, प्रदीप, मनीष वासुदेव, प्रदीप गुप्ता, अर्चना स्वामी - प्रधानाचार्य जी पी मेमोरियल स्कूल उपस्थित थे।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व में देश का नाम रोशन किया : अजीत पाल त्यागी

(करंट क्राइम)। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने देश का नाम पूरे विश्व में सबसे अधिक ऊंचा किया है। आज हमारे देश के नागरिकों को पूरे विश्व में जो सम्मान मिलता है वो काबिलेतारीफ है। हमारे देश में ऐसे-ऐसे महापुरुष पैदा हुए हैं जिन्होंने विश्व को ऐसा ज्ञान दिया है जिसके पीछे पूरी दुनिया दीवानी है।

### हमारा प्रयास लोगों में देशभक्ति की भावना जाग्रत हो : सत्येन्द्र सिंह

(करंट क्राइम)। उत्थान समिति के चेयरमैन एवं पर्यावरणविद सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि हमारी संस्था ने गाजियाबाद में सबसे ऊँचा पोल लगाकर उस पर तिरँगा फहराया है इसके साथ ही कई जगहों पर तिरंगा लगाकर उसको फहराने का क्रम निरंतर जारी है। हमारा प्रयास है कि लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना जाग्रत हो और लोग अपने इस महान पर्व को धूमधाम के साथ मनाएं।

करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। स्पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने अपने पिता पूर्व विधायक स्वर्गीय प्यारे लाल शर्मा के नाम पर स्थापित कॉलोनी प्यारे लाल शर्मा कॉलोनी में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कॉलोनी के सैकड़ों लोग मौजूद रहे

## स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 35 फुट ऊंचा स्थायी झंडा लगाया गया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 18 में शास्त्री नगर आई ब्लॉक में 35 फुट ऊंचा स्थायी झंडा लगाया गया। विधायक अजीत पाल त्यागी के साथ पार्षद शशि सिंह ने ध्वजारोहण व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर डॉ. पवन गौतम, अरुण त्यागी, उत्थान फाउंडेशन एवं समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### भाजपाइयों ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को याद कर दी सच्ची श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर गाजियाबाद अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष , करोड़ों कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक और हमारे प्रेरणास्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि महानगर भाजपा कार्यालय नेहरू नगर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर सेवा भाव के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गयी ।

पंडित अटल बिहारी वाजपेयी सही मायने में 'भारत रत्न' थे : संजीव शर्मा

जिलाध्यक्ष महानगर गाजियाबाद संजीव शर्मा ने बताया युग-पुरुष भारत रत्न से विभूषित पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करें । उनसे प्रेरणा प्राप्त करते हुए हम सदैव अटल इरादों और मजबूत संकल्पशक्ति से स्वयं को नए भारत के निर्माण के लिए समर्पित करते हैं । भारत मां के सच्चे सपूत, राष्ट्र पुरुष, राष्ट्र मार्गदर्शक, सच्चे देशभक्त, ना जाने कितनी ही उपाधियों से पुकारे जाने वाले 'भारत रत्न' पंडित अटल बिहारी वाजपेयी सही मायने में 'भारत रत्न' थे। इन सबसे भी बढ़कर पंडित अटल बिहारी वाजपेयी एक अच्छे इंसान थे, जिन्होंने जमीन से जुड़े रहकर राजनीति की और 'जनता के प्रधानमंत्री' के रूप में लोगों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई थी। एक ऐसे इंसान जो बच्चे, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों सभी के बीच में लोकप्रिय थे। इस अवसर पर महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, कामेश्वर त्यागी, प्रतीक माथुर, श्याम शर्मा, रुद्र प्रताप त्यागी, पंकज भारद्वाज, पिंटू तोमर, आशुतोष शर्मा, गिरीश अवस्थी, उमेश भाटी, अमन आदि गणमान्य कार्यकर्ता सम्मिलित रहे ।

### ग्राम पंचायत मकरेड़ा में धूमधाम से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

राष्ट्र सदैव आजादी के लिए शहीद हुए वीरों का ऋणी रहेगा : कृष्णदेव आर्य

**मुरादनगर/मोदीनगर/गाजियाबाद।** गांव मकरेड़ा में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर पंचायत घर, वी.पी.वी. स्कूल (गुरुकुल), कंपोजिट विद्यालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव के संभ्रांत व्यक्ति, अध्यापक अध्यापिकाओं एवं बच्चों ने इसमें बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मां भारती के वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।



ग्राम प्रधान कृष्णदेव आर्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज संपूर्ण देश 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना रहा है। ये हमारे लिए गौरव की बात जिन वीर सपूतों ने अपने प्राणों को न्योछावर करके इस राष्ट्र को स्वतंत्र कराने का कार्य किया सदैव राष्ट्र उन वीर/वीरांगनाओं का ऋणी रहेगा। ग्रामपंचायत मकरेड़ा उन लाखों वीर/वीरांगनाओं की शहादत को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है। हम सब मिलकर अपने पूर्वजों के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र की उन्नति के लिए कार्य करें । अपने बच्चों को महापुरुषों के जीवन चरित्र को अवश्य पढ़ाए जिससे वे राष्ट्र के सभ्य नागरिक बनकर राष्ट्र की सेवा करें। इस अवसर पर यज्ञपाल शास्त्री, राजसिंह शर्मा, कालू शर्मा, सलेक भईया, रूपचंद, दयाराम, प्रेमचंद आर्य, रणधीर सिंह, ब्रजपाल सिंह, फिरेराम खारी, जितेंद्र खारी, राकेश त्यागी, रतन सिंह, प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार राजेश त्यागी, प्रमोद खारी आदि मौजूद रहे है।

### जाट समाज कार्यालय पर 15 अगस्त को ध्वजारोहण किया गया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पारिवारिक मिलन जाट समाज रजिस्टर्ड के सभी साथियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दुर्गा चैंबर आरडीसी राजनगर में स्थित जाट समाज के कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 11 बजे ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण जाट समाज संस्था के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने किया। जाट समाज परिवार समूह ने राष्ट्रगान किया। मिठाई वितरित की। इस दौरान समाज के सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ परिवार के सिरमौर उपस्थित रहे।

## समरकूल समूह ने इलाहाबाद में अपनी नई यूनिट स्थापित की



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता और डॉयरेक्टर तनुज गुप्ता ने भारत सरकार के केन्द्रीय लघु उद्योग मंत्री नंद गोपाल नंदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में केंद्रीय मंत्री नंद गोपाल नंदी ने समरकूल ग्रुप चैयरमैन संजीव गुप्ता को आश्वस्त किया कि समरकूल की नवीन इकाई को सुचारू रूप से स्थापित करने में उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म लघु उद्योग मंत्रालय का हर संभव सहयोग प्राप्त होगा। समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री नंद गोपाल नंदी का आभार व्यक्त किया।




### हमें भारतीय होने पर गौरव है : अनिल अग्रवाल

78वें स्वतंत्रता दिवस पर सांवरिया शोरूम ने किया झंडारोहण

दिलों की धड़कन, वतन की शान हो तुम, झुका ना सका कोई, ऐसा अरमान हो तुम।
तिरंगे की आन-बान और शान हो तुम, ऐ मेरे प्यारे भारत, मेरी जान हो तुम।

78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांवरिया शोरूम, जी. टी. रोड, चौधरी मोड गाजियाबाद ने लगभग 100 स्टॉफ मेंबर्स के साथ झंडारोहण किया और गीतों के माध्यम से पूरे जीटी रोड का वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। सांवरिया शोरूम के निदेशक अनिल अग्रवाल सांवरिया ने इस मौके पर कहा कि हमें खुशी है और हम भारतीय होने पर गौरव महसूस कर रहे हैं।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महामंडलेश्वर साध्वी महंत कैलाश गिरी ने देशभक्ति गीत गाए और राष्ट्रीय ध्वज फहराया।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विद्युत कर्मचारी संघ नेता तथा समाजसेवी संदीप गुप्ता के पौत्र विराज गुप्ता का कार वाला स्वंतत्रता दिवस स्टाइल छाया रहा। विराज ने अपने अंदाज में स्वाधीनता दिवस मनाया।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रखर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नमिता भल्ला ने स्वाधीनता दिवस मनाया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

## दिया ग्रीनसिटी राजनगर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिया ग्रीनसिटी राजनगर एक्सटेंशन में 78वां स्वतत्रंता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। निदेशक प्रशांत गर्ग का स्वागत मयंक शुक्ला व नेहा शुक्ला किया। प्रशांत व बच्चों द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। ब्रिजेश शास्त्री ने आजादी में हमारे क्रान्तिकारियों के बलिदानों व संघर्ष को विस्तारपूर्वक बताया। बच्चों द्वारा नृत्य, भाषण व देशभक्ति के गानों का रंगारंग का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत गर्ग ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को




पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सारिका त्यागी, कोमल शर्मा, शालिनी ठाकुर, रिया त्यागी, नेहा शुक्ला, प्रभात त्यागी, डॉ0 एस. पी. सिंह, गोपाल सिंह, पीयूष त्यागी, राजकुमार वर्मा, मंयक शुक्ला, अंकित गुप्ता, देव गोयल, अमित अग्रवाल, सुनीता, नकुल शर्मा, प्रीतू, ईशा, रमा, पायल अग्रवाल, मोनिका गुप्ता, विनीत गुप्ता, जुगल किशोर, सार्थक सिंह, आशू वर्मा, कैलाश शर्मा, प्रभात, मोहित आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

## डॉ. उदिता त्यागी व यति संन्यासियों ने किया संयुक्त राष्ट्र संघ के दिल्ली कार्यालय पर प्रदर्शन

यह संघर्ष बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए अलग राष्ट्र के निर्माण पर ही पूर्ण होगा : डॉ. उदिता त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी ने यति संन्यासियों और हिंदूवादी कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र संघ के दिल्ली कार्यालय पर प्रदर्शन किया। संयुक्त राष्ट्र संघ से बांग्लादेश का विभाजन करके वहां के हिंदुओं के लिए एक अलग राष्ट्र बनाने की मांग की। प्रदर्शन में भाग लेने वालों में सुप्रसिद्ध एनआरआई डॉ विवेक कौल, यति रामस्वरूपानंद, यति रणसिंहानंद, यति परमात्मानंद, यति अभयानंद, सनोज शास्त्री, पंडित कृष्णवल्लभ भारद्वाज, मोहित बजरंगी, अजीत मलिक, अशोक मित्तल तथा अन्य




लोग उपस्थित थे। अपनी मांग को लेकर उन्होंने एक प्रार्थना पत्र भी संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिकारियों को सौंपा। मांग करते हुए डॉ. उदिता त्यागी ने कहा कि आज से शुरू हुआ यह संघर्ष अब बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए अलग राष्ट्र की निर्माण पर ही पूर्ण होगा। सुप्रसिद्ध एनआरआई डॉ. विवेक कौल ने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा जरूरी।

## जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल चेयरमैन जितेन्द्र कुमार गौड़ ने ध्वजारोहण किया। इस सुअवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अंजू गौड ने अपने भाषण में स्वतन्त्रता सेनानियों के बलिदान, शौर्य गाथा के बारे में बताया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी को मिष्ठान का वितरण किया गया।



## डासना जेल गाजियाबाद में कारागार बन्दी जीवन सुधार न्यास ने किया अधिकारियों को सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 78वें स्वतंत्रता दिवस पर डासना (गाजियाबाद) के बरिष्ठ जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा के सहयोग से कारागार बन्दी जीवन सुधार न्यास के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष आशीष निगम ने जेल के अधिकारियों को सम्मानित किया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग जितने दिन भी यहां गुजार रहे हैं उसमें अच्छे से अच्छा कर अपने को सुधारने का प्रयास करें । इस मौके पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा के साथ सभी जेल अधिकारियों एवं कारागार बन्दी जीवन सुधार न्यास के जिला अध्यक्ष आशीष निगम , मेरठ मंडल अध्यक्ष अरविन्द गिरी गोस्वामी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र सिंह , जिला महासचिव नितिन श्रीवास्तव , जिला सचिव रवि कुमार एवं जिला सचिव अपूर्व शर्मा मौजूद रहे ।



## अवैध निर्माण पर निगरानी के लिए किया गया जोन का निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार उ0 प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सतत निगरानी के लिए प्रवर्तन जोन-5 के प्रभारी प्रवर्तन/अपर सचिव ने शुक्रवार को जोन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम गालन्द, रिलायंस रोड जिला हापुड़ के खसरा संख्या 855, 856, 857, 877, 878 पर दीपक यादव ने अनाधिकृत रूप से काटी जा रही अवैध कालोनी में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान जनता द्वारा भारी विरोध किया गया परंतु उच्चाधिकारियों एवं थाना धौलाना, हापुड़ पुलिस बल एवं प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा सूझबूझ के साथ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से करायी गई। निर्देश दिये गये कि बिना मानचित्र स्वीकृति कोई कार्य न कराया जाये तथा जोन संबंधित सहायक अभियंता, अवर



अभियंता तथा सुपरवाईजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुये यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवैध निर्माण पुनः न होने पाये। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाहियाँ जारी रहेंगी। तदक्रम में निर्माणकर्ताओं/विकासकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास



प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में सम्पत्ति का क्रय-विक्रय न करें।




## सिटी के कई कोतवाल बाहरी कॉल से परेशान

पुलिस व्यवस्था जितनी हाईटेक हो रही है, उतनी ही परेशानियां भी समय-समय पर आती रहती हैं। पुलिस के सूत्रों के द्वारा सुनने में आया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों सिटी जोन के दो थानों के प्रभारी बेहद परेशान चल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने बता रहे हैं कि एक थानाक्षेत्र में हापुड़ और बुलंदशहर तो एक थाना क्षेत्र में देहात के फोन कॉल सीधे उनके सीयूजी नंबर पर आते हैं। अब ऐसा कौन सा कनेक्शन है जो यहां के फोन आ रहे हैं। सुनने में आया है कि कई बार तो यह कॉल रात-बिरात भी आती हैं और थाना प्रभारी नींद में उठते हुए दूसरे थाने का नंबर बताते हैं। वहीं सुनने में आया है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सिटी के दो थानों के प्रभारी लंबे समय से इस मुसीबत को झेल रहे हैं। वह अपने अधिकारियों के आगे बात नहीं रख पाते हैं लेकिन समस्या बड़ी है, वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद होने के बाद से अधिकारियों और प्रभारी का सीधा संवाद वाला सिलसिला लगभग खत्म हो चुका है। तो वही लगातार अधिकारियों के बदलाव वाला सिलसिला भी जारी है। बीते दिनों स्वतंत्रता दिवस का समापन हुआ और इस बार स्वतंत्रता दिवस में सिटी और देहात जोन के साथ ही नदियापार वाले जोन की सुरक्षा और पैदल गश्त वाली तस्वीरों का टोटा भी देखने को मिला है। अब ऐसा क्यों और किस वजह से हुआ है, यह तो अधिकारी बेहतर बता पाएंगे लेकिन सूत्र बताते हैं कि कमिश्नरेट के कुछ अधिकारियों को फोटो पर कंट्रोल रखने के कांवड़ यात्रा के दौरान निर्देश मिले थे, बस वह उसका पालन कर रहे हैं। उधर बाहरी फोन कॉल का फंसाना ऐसा है कि कई बार तो मिलते जुलते मोहल्लों के नाम से फोन आता है और जब प्रभारी इलाके के लिए रवाना करते हैं, तो वहां सब कुछ शांत मिलता है। मौके से फोन कॉल करने पर पता चलता है यह की दूसरे जनपद का मामला है। अब यह समस्या तकनीकी है या इसके पीछे की वजह कुछ और यह तो विभाग के अधिकारियों को जांच कर स्पष्ट करना चाहिए लेकिन सिटी के दो कोतवाल जिस तरीके से परेशानी से गुजर रहे हैं यह है ठीक नहीं है। उधर सुनने में आया है कि गाजियाबाद कोतवाली का नंबर सर्च करते ही दो खास थानों के नंबर आ जाते हैं जिसके वजह से यह कंफ्यूजन वाली स्थिति पैदा होती है। इसको सॉल्व करने के लिए डायल-112 की भी मदद लेनी पड़ेगी, ऐसा सूत्रों द्वारा बताया गया है। कुल मिलाकर देखना होगा की मेट्रोपॉलिटन पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में यह समस्या कब दूर हो पाती है।



## आउटडोर एसी चोरी करने वाले तीन नाबालिग चोर गिरफ्तार

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में रेलवे रोड पर चार दिन पहले सात दुकानों मे हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन नाबालिग को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढे तीन किलो एसी कापर ट्यूब बरामद की है।

पकडे गए चोरों ने बताया कि एसी कापर ट्यूब एक कबाड़ी को बेच दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3.6 किलोग्राम एसी कापर ट्यूब बरामद की है। पुलिस कबाड़ी की तलाश कर रही है।

# गुलमोहर ग्रीन सोसायटी में स्वतंत्रता दिवस पर किया गया पौधरोपण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस पर फाइनेंशियल कंसल्टेंट अतुल खुराना एवं स्मृति खुराना ने गाजियाबाद स्थित गुलमोहर ग्रीन एवं ऑफिसर सिटी 2 में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेसिडेंट हर्ष भारद्वाज, वाइस प्रेसिडेंट, रस्तोगी, विंग कमांडर अमित खन्ना, ग्रुप कैप्टन सुनील मित्तल, कर्नल दिनेश बिष्ट एवं सतीश मोहन, जगदीश खन्ना, हरीश खरे, एससी शर्मा एवं सिंघल उपस्थित थे। पौधरोपण कार्यक्रम के समापन पर अतुल खुराना एवं स्मृति खुराना द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को उपहार दिए गया। पौधरोपण कार्यक्रम सोसाइटी स्थित मंदिर प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उक्त स्थान को राम वाटिका का नाम दिया गया।

इसके उपरांत राज नगर एक्सटेंशन स्थित ऑफिसर सिटी 2 में अतुल खुराना, स्मृति खुराना, ध्रुव, बीके खुराना, प्रसिद्धि आहूजा, जीविका आहूजा, हृदय आहूजा एवं रवि बाली द्वारा आम एवं नींबू के पेड़ लगाये गये।



## स्वतंत्रता दिवस व पं. अशोक भारतीय के 69वें जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता रेलवे बोर्ड सदस्य के नेतृत्व में राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद के विधानसभा उपाध्यक्ष राजेश वर्मा के निवास स्थान 262 ए राम नगर गाजियाबाद पर स्वतंत्रता दिवस व पंडित अशोक भारतीय के 69वें जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सीएमओ डा अखिलेश मोहन ने किया।

इस अवसर पर विवेक त्यागी ने सभी से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने की अपील की। पंडित अशोक भारतीय पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने हिंदू-मुस्लिम सभी के रक्त का एक जैसा रंग तथा एक जैसा रक्त बताते हुए आपस में सदभावना बनाए रखने की अपील की। जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल तथा रेलवे बोर्ड सदस्य बालकिशन गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया। आशुतोष-शिवानी दंपति ने ने रक्तदान किया। रक्तदान करने में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के विधानसभा उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, संदीप त्यागी, प्रमोद गुप्ता, राजीव त्यागी राज अग्रणी रहे। एसीएमओ डा अमित विक्रम ने पंडित अशोक भारतीय को जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित करने पर साधुवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, डा ओ पी अग्रवाल, प्रीति त्यागी, विवेक त्यागी, पंडित अशोक भारतीय, राजेश वर्मा, आनंद प्रकाश वर्मा, पार्षद नीरज गोयल, गाजियाबाद नाम परिवर्तन अभियान संयोजक संदीप त्यागी, रसम संजीव तेवतिया, राकेश गुप्ता, राजीव अग्रवाल, राजीव त्यागी, राज प्रमोद गुप्ता, अमित वर्मा, सौरभ यादव, आकाश जैन, गौरव सैनी, राजेश स्वामी, राजीव त्यागी, गौरव सार्थक, रश्मि, पूजा, प्रीति, आयुष, नरेश, नीतू, तरुण, वेद प्रकाश, राजेश सिंह, अमित वर्मा, सुहानी, समृद्धि आदि उपस्थित रहे।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया ध्वजारोहण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर मिलन चौक सेक्टर 23 संजय नगर पर ध्वजारोहण का प्रोग्राम धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सभी व्यापारी गण एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉक्टरों ने किया काली पट्टी बांधकर काम

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर कार्य किया और विरोध जताया। इसके अलावा निजी क्लीनिक में भी ओपीडी बंद रही। गोविन्दपुरी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर कैलाश चन्द्र ने बताया कि डॉक्टरों की सुरक्षा के पुख्ता अंजाम होने चाहिए। पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ जो हुआ वह बेहद शर्मनाक है। निम्मी के अध्यक्ष डॉ. योगेश सिंघल ने कहा जब तक डॉक्टरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हो जाते, तब तक डॉक्टर हड़ताल पर ही रहेंगे।



## स्वतंत्रता दिवस पर रोटरी क्लब मिड टाउन ने आयोजित किया रक्तदान व हैल्थ चेकअप कैम्प



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डायमंड पैलेस कवि नगर इंडस्ट्रियल एरीया गाजियाबाद में रोटरी क्लब मिड टाउन गाजियाबाद ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 11वां रक्तदान एवं हेल्थ चेकअप कैंप वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल के सहयोग से आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 144 यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ और सैकडों पुरुष और महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस अवसर पर डॉक्टर कीर्ति गुप्ता, डॉक्टर सुधीर शर्मा, डॉक्टर डी के चायल, डॉक्टर अर्चना शर्मा ने अपना बहुमूल्य समय और योगदान दिया। इस कैंप को सफल बनाने के लिए रोटरी मिड टाउन के अध्यक्ष उमेश चोपड़ा, सेक्रेटरी मनोज माकड़, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल एवं सभी सदस्य गण और विशेष रूप से रोटेरियन के बच्चे वर्तिका, नव्या ठाकुर, राधिका गर्ग, मानस मिगलानी, अमन गर्ग, अर्चित अग्रवाल ने बहुत अच्छी तरह से इनको संचालित किया। गुरुद्वारा जी ब्लॉक कवि नगर के सरदार रविंद्र सिंह जॉली ने भी योगदान दिया एवं श्री नारायण संकीर्तन मंडल एवं वरदान सेवा संस्थान का भी योगदान रहा। मुख्य अतिथि पद्मश्री सरदार जितेंद्र सिंह शंटी ने रक्तदान किया। शिविर में तब्बू ने बहुत ही मधुर धुन में सैक्सोफोन की धुन पर देश भक्ती के गीतों से समां बांध दिया। सुनील कक्कड़ ने बहुत ही मधुर भजन गाए। मंच संचालन सरदार एस पी सिंह ने किया।

## एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। समारोह की शुरुआत अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा राष्ट्रीय गान से हुई। यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने सभा को संबोधित किया। यूनिवर्सिटी के उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रेरित किया। प्रभारी कुलपति डॉ. प्रसेंनजीत कुमार ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित किया। इस समारोह में एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सभी सदस्यों ने भाग लिया।



# सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने धूमधाम से मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने 78 ां स्वतंत्रता दिवस समारोह पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय जगदीश नगर, गाजियाबाद पर बड़ी धूमधाम से मनाया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने झंडा फहराकर शुभारंभ किया। उन्होंने सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि शहीदों क्रांतिकारियों के सपनों को पूरा करने के लिए हम सभी 140 करोड़ भारतीयों को एकजुट होकर भारत को आगे बढ़ाना होगा। इस अवसर पर पार्टी के संयोजक एवं संस्थापक सतेंद्र यादव ने कहा करोड़ों लोगों ने जब भारत माता की बलिवेदी पर अपने शीश दान किए हैं तब जाकर हमें यह स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। पार्टी के संस्थापक सदस्य मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि देश को आजाद कराने में हर भारतीय ने अपना योगदान दिया है, किसी ने अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया है, तो किसी ने अंग्रेजों की गोलियां खाईं। पूर्व विधायक प्रत्याशी सुजीत तिवारी ने देशभक्ति कविता गाकर स्वतंत्रता दिवस समारोह के माहौल को ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनिल सिन्हा, बबीता डागर, दिग्विजय सिंह, विनोद अकेला पन्ना लाल ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से रोहित कसाना , प्रमोद श्रीवास्तव, आर पी शुक्ला , डीसी माथुर, अवधेश कुमार, प्रभा शंकर सिंह,धीरेंद्र सिंह भदोरिया, कमल यादव, अनिल मिश्रा, सुभाष चंद्र पांडे ,रजनीश द्विवेदी ,रंजीत शर्मा, एडवोकेट गौरव सिंह, राजेंद्र यादव, हरिओम तिवारी, राजकुमारी यादव ,दीपक चित्तौड़िया ,श्यामवीर सिंह यादव, राजेश यादव ,महेश पांडे, ललन पांडे, विवेक कुमार, कृष्ण मोहन झा, सी बी सिंह, सुशील राय, राजाराम, संजय कुमार ,पन्नालाल प्रसाद ,सुनील श्रीवास्तव, ब्यास पांडे, अशोक शर्मा, अजय श्रीवास्तव ,नरेंद्र पांडे, वीरेंद्र यादव, सुनील दत्त नेताजी, दीपक वर्मा, विकास कुमार, रामजन्म भारती, अरविंद कुमार लाल, जे पी शुक्ला ,दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव ,सुनीता उपाध्यक्ष पत्रकार ,श्याम द्विवेदी, पप्पन ठाकुर पत्रकार उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किए गए पुलिसकर्मी



गाजियाबा, करंट क्राइम। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पुलिस आयुक्त अजय मिश्र ने प्रशंसनीय और सराहनीय कार्य करने के लिए पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने का कार्य किया। इस दौरान कमिश्नर ने एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, कल्पना सक्सेना ,डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और पदक पहनने का काम किया। साथ ही उन्हें बेहतर भविष्य और इसी निष्ठा से कार्य करने की शुभकामनाएं भी दी।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने कैम्प कार्यालय पर तिरंगा झंडा फहराया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने 78वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सैकड़ों व्यापारियों के साथ व्यापार मंडल के कैम्प कार्यालय पर तिरंगा झंडा फहराया और सभी ने राष्ट्र गीत गाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संदीप बंसल,वरिष्ठ चेयरमैन राजेश बंसल,महानगर अध्यक्ष संजय बिंदल,अनिल गर्ग, दीपक गर्ग,मोहित गुप्ता,प्रेम प्रकाश चीनी,अरुण मित्तल, संजय गुप्ता,चेतन शर्मा,जितेंद्र गोयल, हेमंत सिंघल,राकेश अग्रवाल,राजेन्द्र कुमार राजू, ऋषिपाल यादव,विकास शर्मा,नरेश ठाकुर, नरेन्द्र बिल्लू,वेद प्रकाश गौतम, विकास दीप वर्मा, नितिन मित्तल, एडवोकेट हरीश वर्मा, सुनील सहगल, महेन्द्र कुमार, अजीत गोतम,राजीव सोनी,विनोद अग्रवाल,राहुल गर्ग,सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थिति रहे।

# राणा प्रताप हायर सैकेण्ड्री स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राणा प्रताप हायर सैकन्ड्री स्कूल ने 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाराणा प्रताप स्मृति निर्माण समिति के प्रमोद शिशौदिया मौजूद रहे।

अध्यक्ष राज कुमार बैस, नीता सिंह, ममता गुप्ता, प्रधानाचार्या डा० पूनम शिशौदिया ने किया ध्वजारोहण। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भूमि सिंह, प्रयांशी, डिम्पलए सिद्धी, यशिका, आयान प्रताप सिंह, चेतना, मयंक दिशा, युग, धुर्वी, एवं देविक ने प्रतिभाग किया। अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या डा० पूनम शिशौदिया ने सबको स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# गाजियाबाद कोर्ट रूम से हत्यारोपी फरार:जेल से आया था पेशी पर

## सिपाही डायस पर केस की तारीख पूछने लगा, इतने में वो भाग निकला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में शुक्रवार को कोर्ट रूम से हत्या का आरोपी फरार हो गया। वो पेशी पर आया था। कांस्टेबल उसे कोर्ट रूम गेट पर छोड़कर डायस पर ये पूछने के लिए चला गया कि आज पेशी होगी या नहीं। इसी दौरान हत्यारोपी मौका पाकर भाग निकला। थाना कविनगर में हत्यारोपी युवक और सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपी की तलाश में 2 पुलिस टीमें लगा दी गई हैं।

### सितंबर, 2021 में भोजपुर इलाके में हुई थी हत्या



भोजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुकीमपुर में 2 सितंबर, 2021 को नरेश नामक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के भाई देवेंद्र ने अंकुश उर्फ अंकुर, नितिन रावत उर्फ भोलू आदि के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस जांच में विनीत उर्फ गोलू और अमित उर्फ दीवान निवासी मुकीमपुर के भी नाम सामने आए। चारों आरोपी जेल भेज दिए गए थे। 26 हजार रुपए के लेनदेन को लेकर ये हत्या हुई थी।

### कोर्ट रूम में नहीं पहनाई जाती हथकड़ी

इस हत्याकांड में तभी से विनीत उर्फ गोलू गाजियाबाद की डासना जेल में बंद था। शुक्रवार दोपहर को वो जेल से पेशी पर कोर्ट में आया था। कांस्टेबल रामपाल उसे लेकर कोर्ट रूम में पहुंचा। नियमतः कोर्ट रूम के अंदर किसी भी बंदी को न तो हथकड़ी पहनाई जाती और न ही उसे रस्सी से बांधा जाता। कांस्टेबल रामपाल ने विनीत उर्फ गोलू को कोर्ट रूम के अंदर ले लिया। उसको गेट के पास ही खड़ा करके कांस्टेबल डायस पर ये पूछने चला गया कि तारीख कब लगेगी?

### हत्यारोपी और सिपाही पर मुकदमा दर्ज

डायस पर बैठे मुंशी से पूछकर जब कांस्टेबल वापस आया तो बंदी विनीत उर्फ गोलू लापता था। बंदी के फरार होने की सूचना से हड़कंप मच गया। पूरे कचहरी परिसर में उसकी तलाश कराई गई, लेकिन कहीं नहीं मिला। अउढ अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि बंदी और सिपाही के खिलाफ थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपी को तलाशने के लिए दो पुलिस टीमें लगा दी गई हैं।

# संतोष हॉस्पिटल और संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने धूमधाम से मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 15 अगस्त के मौके पर संतोष हॉस्पिटल और संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। संतोष हॉस्पिटल में हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. मनीष सभरवाल व संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर डॉ तृप्ता भगत ने झंडा रोहण किया। डॉक्टर मनीष सभरवाल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर अल्पना अग्रवाल ने कहा कि हम सब लोगों को एक स्वस्थ समाज की नींव रखनी है। सीएसआर हेड श्वेता चौधरी ने कहा देशवासियों को मिलजुल कर रहना चाहिए।

# सूर्य हाईट के पार्क प्रांगण में उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 78वों स्वतंत्रता दिवस सूर्य हाईट के पार्क प्रांगण में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति के प्रेसिडेंट देवेन चौधरी ने सामाजिक सरोकार में हमेशा सम्मिलित रहते हुए तिरंगे को नमन किया। उपस्थित व्यक्तियों में मुकुल शर्मा ,राहुल सिंह ,सुधीर चौधरी, सतेंद्र चाहर ,अशोक सिरोही, दीपक मित्तल, आनंद पांडे , बृजेश पांडे, सौरभ राय,दीपक सभरवाल प्रतीक , गिरीश शर्मा, अभिषेक मिश्रा, उदय भान सिंह ,नागेंद्र यादव, एवं मीडिया प्रभारी सतीश राय मौजूद रहे।

# गांव भिक्कनपुर में कूड़े का पहाड़ हटाने का विरोध

## पहले ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे करो वापस, तभी जाएगे जिलाधिकारी की बैठक में : ग्रामीण

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** गांव भिक्कनपुर के पास गुरुवार को ग्रामीण पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में निर्णय लिया गया कि पहले ग्रामीणों पर दर्ज झूठे मुकदमे वापस लिए जाए, तभी 28 अगस्त को जिलाधिकारी के साथ होने वाली बैठक में भाग लेंगे। गाजियाबाद शहर का कूड़ा काफी समय से पाइपलाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर के जंगल में डाला जा रहा है। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के हस्तापेक्ष के बाद महापंचायत को ग्रामीण पंचायत में तब्दील किया गया। ग्रामीण पंचायत की अध्यक्षता डॉ. राजेन्द्र सिंह कलकल व संचालन कृष्ण देव आर्य प्रधान ने की। विकास संघर्ष समिति व डंपिंग ग्राउंड हटाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने पंचायत में ग्रामीणों को आमत्रित किया गया है। पंचायत से पहले ध्वजारोहण कर राष्ट्रागन भी गाया गया। इस मौके पर मूलचंद्र सैनी ,सतीश सैनी ,सीताराम शर्मा ,राजकुमार पहलवान ,विवेक त्यागी ,शिवराज त्यागी ,दक्ष नागर,रवि प्रधान ,राकेश ,सूरज ,मदनपाल ,देवेन्द्र चौधरी ,बीसी बंसल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### जीजा पर साली ने लगाया अश्लील हरकत करने का आरोप, गिरफ्तार

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी एक युवती ने अपने जीजा पर अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी ने बताया कि युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। युवती अपनी बहन के पास आई हुई है।

# राष्ट्रीय कार्यालय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए राजेश गुप्ता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भाजपा केंद्रीय कार्यालय में जगत प्रकाश नड्डा ने किया ध्वजारोहण। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी राजेश गुप्ता भी मौजूद रहे।

# यूनीसेफ की रिपोर्ट : अत्यधिक गर्मी बच्चों की सेहत के लिए खतरनाक, जलवायु परिवर्तन ने बढ़ाई चिंता



**यूएन।** यूएन बाल एजेंसी की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसैल ने बताया कि अत्यधिक गर्मी में इजाफा हो रहा है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य, उनके रहन-सहन और दिनचर्या बाधित हो रहे हैं। यूनीसेफ की रिपोर्ट में 1960 के समय और 2020 से 2024 के दौर में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों की संख्या की तुलना की गई है, यानि जिन दिनों में तापमान 35 डिग्री सैल्सियस (95 डिग्री फरेनहाइट) से अधिक रहा हो। रिपोर्ट में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों की संख्या में बढ़ोत्तरी की रफ्तार और पैमाने पर गम्भीर चिंता व्यक्त की गई, जिससे दुनिया भर के लगभग 50 करोड़ बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। उनमें से बहुत से बच्चों के पास इस गर्मी का सामना करने के लिए पर्याप्त सेवाएं उपलब्ध ही नहीं हैं।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में देशों के स्तर पर आंकड़ों की पड़ताल में पाया गया है कि 16 देशों में बच्चों को छह दशक पहले के समय की तुलना में अब एक महीने से भी अधिक समय के बराबर, अत्यधिक गर्म दिनों का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए दक्षिण सूडान में बच्चों को इस दशक में एक साल में औसतन 165 अत्यधिक गर्म दिनों का सामना करना पड़ा है। 1960 में ऐसे दिनों की संख्या 110 थी। पैरागुवाय में अत्यधिक गर्म दिनों की संख्या, 1960 में 36 से बढ़कर 71 पर आ गई है।

वैश्विक नजर से देखें तो पश्चिमी और मध्य अफ्रीका में अत्यधिक गरम दिनों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है और वहां लगभग 12 करोड़ 30 लाख बच्चे अत्यधिक गर्म दिनों से प्रभावित हैं। यह उस क्षेत्र में बच्चों की कुल संख्या का 39 प्रतिशत हिस्सा है। अमेरिका और कैरीबियाई क्षेत्र में करीब 4 करोड़ 80 लाख बच्चों को ऐसे इलाकों में रहना पड़ रहा है जहां अत्यधिक गर्म दिनों की संख्या दोगुनी हो गई है। अत्यधिक गर्मी में रहने से शरीर में भारी दबाव उत्पन्न होता है, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अनेक तरह के खतरे पैदा करते हैं।

अत्यधिक गर्मी के कारण बाल कुपोषण होता है और गर्मी संबंधित अनेक गैर-संचारी बीमारियां होती हैं। बच्चे ऐसी संक्रामक बीमारियों की चपेट में आने के जोखिम में पहुंच जाते हैं जो अत्यधिक गर्मी में होती हैं, जैसे कि मलेरिया और डेंगू। सबूतों से मालूम होता है कि तंत्रिका विकास, मानसिक स्वास्थ्य और कुल रहन-सहन भी प्रभावित हो रहा है।

यूनीसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसैल का कहना है, ₹बच्चे कोई छोटे वयस्क नहीं हैं। उनका शरीर अत्यधिक गर्मी के लिए बहुत संवेदनशील होता है। बच्चों का शरीर बहुत जल्दी गर्म होता है, और उसकी तुलना में ठंडा धीमी गति से होता है।₹ अत्यधिक गर्मी विशेष रूप से शिशुओं के लिए, उनकी तेज हृदय गति के कारण बहुत खतरनाक है, इस तरह बढ़ते तापमानों की स्थिति, बच्चों के लिए और भी अधिक चिंताजनक है।

### पाक में भीषण हादसा

# दुर्घटना में एक परिवार के छह लोगों की मौत


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में एक वैन के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। घटना में नौ अन्य लोगों के घायल होने की




खबर है। बताया गया है कि घटना गुरुवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की स्वात घाटी के चुपरियाल इलाके में हुई। वाहन में सवार एक परिवार के 14 लोग विवाह समारोह से लौट रहे थे तभी पहाड़ी इलाके में एक खतरनाक मोड़ पर वाहन असंतुलित हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि वैन के गहरी खाई में गिरने से परिवार के कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए। बचाव और चिकित्सा दल मौके पर पहुंचे और घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

# जापान में चक्रवात एम्पिल के कारण घरों को खाली करने के निर्देश, रेलवे-विमान सेवाएं रद्द



**टोक्यो।** जापान में चक्रवात एम्पिल के प्रभाव को देखते हुए टोक्यो के तट के पास रहने वाले कुछ निवासियों को तुरंत घर खाली करने का आदेश दिया गया। शुक्रवार को कुछ लोगों के घरों में बिजली चली गई। चक्रवात अब टोक्यो में तट के पास पहुंच चुका है। संयुक्त तूफान चेतावनी केंद्र (जेटीडब्ल्यूसी) के अनुसार, दो दिनों में चक्रवात एम्पिल अधिक शक्तिशाली हो चुका है। अगले 12 घंटों तक चक्रवात के और तेज होने की आशंका है। जापान के पास से गुजरते हुए यह चक्रवात का असरन चरम पर होगा।

### घरों को खाली करने के दिए गए निर्देश

चक्रवात को देखते हुए इसुमी के तटीय क्षेत्रों के अधिकारी ने लगभग 17000 घरों को खाली करने का नोटिस जारी किया। इसी के साथ उन्होंने बुजुर्गों और दिव्यांगों से सुरक्षा की तलाश करने का भी आग्रह किया। शुक्रवार देर रात तक इस क्षेत्र में तूफान आने की संभावना है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ भारी बारिश भी हो सकती है।

### रेलवे-एयरलाइंस की सेवाएं रद्द

योकोहामा शहर में भी नोटिस जारी कर स्थानीय निवासियों को भी सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश जारी किए गए। शुक्रवार सुबह तक तटीय इलाकों में तेज बारिश और हवा के कारण हजारों घरों में बिजली गुल हो गई। तूफान को लेकर जारी नोटिस के बाद रेलवे और एयरलाइंस ने सेवाएं रद्द कर दी। दो प्रमुख एयरलाइंस जापान एयरलाइंस और ऑल निप्पॉन एयरलाइंस ने 500 उड़ाने रद्द कर दीं। चक्रवात एम्पिल के कारण रेलवे को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छह बुलेट रेल लाइन सेवाएं निलंबित कर दी गई।मौसम विभाग ने उत्तरी और पूर्वी जापान के लिए भारी बारिश, तेज हवाएं, बांढ़ की स्थिति और भूस्खलन की चेतावनी जारी की। अधिकारियों ने सभी लोगों से आवश्यक सावधानी बरतने और तूफान के प्रभाव के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।




## ध्वजारोहण







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला मुख्यालय पर स्वाधीनता दिवस समारोह मनाया गया। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सभी ने राष्ट्र गान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

## ध्वजारोहण





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम मुख्यालय पर स्वाधीनता दिवस मनाया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी तथा पार्षद वीरेंद्र त्यागी, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद अजय शर्मा, पार्षद धीरेन्द्र यादव बिल्लू, पार्षद अभिषेक मोंटी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## ध्वजारोहण







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर कार्यालय पर स्वाधीनता दिवस समारोह मनाया गया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मेयर सुनीता दयाल, वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा , पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व मेयर आशु वर्मा, रनीता सिंह, महामंत्री गोपाल अग्रवाल महामंत्री सुशील गौतम, सरदार एसपी सिंह सहित कई प्रमुख बीजेपी नेता मौजूद रहे।

## ध्वजारोहण







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के राजनगर स्थित आवास पर ध्वजारोहण किया गया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना, केडी त्यागी, कृष्ण वीर चौधरी, पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, अश्वनी शर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष पूनम कौशिक, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं जनरली ध्वजारोहण देखने के लिए गया था साहब के द्वार? बहुत ही अच्छा लगा मुझे पाकर साहब के दीदार? मगर कुछ तस्वीरें देखकर आया मेरे दिल में विचार? आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी जो ध्वजारोहरण में नहीं आया नजर शहर विधानसभा का कोई दावेदार? परायों की क्या करें बात, यहां तो वो भी चेहरे नजर नहीं आये जो लेकर चलते थे आशीर्वाद? क्यों नहीं पहुंचे ये सब कार्यक्रम में निकट? क्या स्टोरी में फंसा हुआ है कोइ टिकट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पहले जैसी नहीं दिख रही है अब शर्मा एंड कंपनी के अध्यक्ष जी की दावेदारी? जैसी उन्होंने साहिबाबाद में ठोकी थी ताल वैसा नहीं दिखा रहे हैं वो शहर सीट पर कमाल? वहां तो उन्होंने कार्यालय खोल कर दिये थे अपनी दावेदारी के मजबूत संदेश? यहां तो वो छोटा सा होर्डिंग लगा कर भी नहीं एक्सपोज कर रहे हैं अपना फेस? ऐसा लगता है उन्हें है भविष्य के घोषित होने वाले टिकट की जानकारी? शर्मा जी यूं खामोश बैठ जायें ऐसी तो नहीं है उनकी अदाकारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बात को पक्ष वाले दल भी रहे है मान? विपक्ष की नेता मैडम नागर ने अपनी सक्रियता से खींचा है राजनीति में सबका ध्यान? कहने वाले ने कहा हम यहां पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सोनल नागर की कर रहे हैं बात? पहले वहां पर डॉली मैडम की चर्चा होती थी अब इनकी भी सक्रियता के चर्चे सुनाई देते हैं साहब? कहने वाले ने कहा ये लगातार कार्यक्रम करके महिला मोर्चा को दे रहीं हैं धार? राजनीति में जो जितना एक्टिव होता है उतना मजबूत होता है उसका किरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था भाजपा कार्यालय पर? वहां हो रही थी साईकिल वाले जीतू भैया की चर्चा? कहने वाले कह रहे थे इस युवा चेहरे ने अपनी सक्रियता से बनाया हुआ है अपना मयार? पार्टी के मौजूदा और महानगर अध्यक्ष से ज्यादा इनकी चर्चाए होती हैं यार? वो पार्टी के तो ये जनता से जुड़े हुए करते हैं काम? कभी ना कभी तो मिलेगा हर किसी को अपनी योग्यता के अनुसार ईनाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक था 50 नंबर वार्ड जिस पर टिकट पाने के लिए दो भगवा चौधरीयों में कम्पटीशन था हार्ड? इसमे एक चौधरी को मिला टिकट, दूसरे चौधरी का टूट गया सपना? मगर रिजल्ट आने के बाद दोनों में से किसी का ये वार्ड नहीं रहा अपना? सुना है जैसी मिली है इन दोनों को इस वार्ड से बेवफाई? वैसे ही ये आजकल नहीं दे रहे हैं भाजपा में दिखाई? सावन में ना जाने लगी है इनके दिलों में कौन सी ये आग? जो फिलहाल बुझती हुई नहीं दे रही है दिखाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक वक्त हमें हैंडपम्प वाले चौहान जी और टीटू जी की एकजुटता पर होता था नाज? हम जब भी देखते थे ये पूरी ताकत से नजर आते थे एक साथ? मगर ना जाने क्या हुआ है, दोनों के बहुत दिनों से नहीं हो रहे हैं साथ-साथ दीदार? हो सकता है ये हमारे देखने के नजरिये का हो डाउट? या फिर किसी के दिल से हो चुका हो किसी का मामला आउट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे नागर जी के आवास पर? वहां पर हो रही थी तमाम दावेदारों की चर्चा? चर्चा यही चल रही थी कि जिसमें लाईन पार में ठीक से झांका नहीं है वो भी भरना चाहता है पर्चा? कहने वाले कह रहे थे कि अगर ऐसे ही हैं हालात? तो फिर गागर में सागर भरने वालों और रैड फेस मैन में कौन सी बुराई है साहब? दोनों को क्षेत्र की जनता करती है प्यार? देखते हैं दोनों में से कौन सा चेहरा सहमति बनाकर लाता है एक नाम बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के एक बडे जनप्रतिनिधि ने कि हम चाहे तो ताकतवर लेडी जनप्रतिधि और बड़े अधिकारी को बैठकर समझायें? मगर ऐसा करने से नहीं होने वाला कोई भी फायदा? ये विभाग अलग है इसका अलग ही है कायदा? आप देखना 15 दिन में खुद ही सामान्य हो जायेंगे दोनों की बीच में हालात? हम बीच बचाव करके क्यों खराब करें अपनी बात? आपने देखा कुछ दिन पहले राजीव भैया की भी बिगड़ी हुई थी बात? लेकिन आज पहले से ज्यादा मजबूत है उनके अंदाज और हालात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही वर्तमान में पार्टी के किसी कार्यक्रम में नजर नहीं आये, मगर जनरली साहब और साहब के परिवार के हर कार्यक्रम में हो जाते हैं उनके 100 प्रतिशत दीदार? कहने वाले ने कहा अब इसे कोई किसी भी ऐंगल से ले, मगर इस लगाव के पीछे का होता है अलग ही आधार? मैडम कोई शक ने अपने इस लगाव से दिया है स्पष्ट संदेश? राजनीति उनके लिए भले ही सेकेण्ड्री हो? मगर मान सम्मान के मामले में प्रथम हैं उनके लिए जनरली साहब और उनके परिवार का फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दो दोस्तों को हो गया है इस बात का पूरा एहसास? दिल्ली के एक बड़े घर से मिल गया है एक पूर्व वाले वेस्टर्न पदाधिकारी को आशीर्वाद? फिर भी उन्होंने नहीं छोड़े हैं यहां से अरमान? उन्हें पता है कि यहां से मिलेगा उनको अपनी सक्रियता का सम्मान? कहने वाले ने कहा स्टोरी में अभी कई मोड आने बाकी है? अभी तो पिक्च र शुरू हुई है अभी तो निकली पहली झांकी है?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## सिकंदर यादव ने पर्वतों पर मनाया स्वतंत्रता दिवस




**उत्तराखंड ।** चंबा के निकट भाटू सेन गांव में स्थित चंबा पाइन रिजॉर्ट कि साइट पर 78वां स्वतंत्रता दिवस वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव ने झंडा फहराकर और मिठाई बांटकर धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सिकंदर यादव ने कहा कि प्रत्येक भारतीय को संकल्प लेना चाहिए कि हमें जाति, धर्म से उठकर गुलामी की मानसिकता का त्याग करते हुए अपने आत्म मूल्य (सेल्फ वर्थ) को अवश्य पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हमें भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने का संकल्प लेना होगा जिसमें प्रत्येक भारतीय का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव ने महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके त्याग, बलिदान, शौर्य और संघर्ष के बल पर हमें आजादी प्राप्त हुई है। उन्होंने सीमा पर तैनात वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि उनके कारण ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। इस मौके पर जगदीश डबराल, राजेश, संदीप, आकाश, रोहित उपस्थित रहे।

## भागीरथ कैंपस में जोश के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 78वां स्वतंत्रता दिवस भागीरथ पब्लिक स्कूल के प्रांगण में जोश के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के निदेशक अमिताभ सुकुल ने बच्चों को अपने संबोधन में संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हम केवल तिरंगे का ही सम्मान नहीं करते बल्कि उन मूल्यों का भी सम्मान करते हैं जिसके लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। तत्पश्चात प्रधानाचार्या अल्पना श्रीवास्तव ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किस तरह हमारे बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने जीवन, खुशियों और परिवारों का बलिदान दिया, ताकि हम स्वतंत्रता का स्वाद चख सकें। छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम के अंत में सिम्मी खन्ना ने यह कहकर समापन किया कि उन्हें भारतीय होने पर गर्व है।

## 78वें स्वतंत्रता दिवस पर सुभाष पार्क श्याम पार्क एक्सटेंशन में ध्वजारोहण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाष पार्क श्याम पार्क एक्सटेंशन में कॉलोनी के समस्त नागरिकों के द्वारा जिसमें कॉलोनी की सभी मातृशक्ति एवं हमारे सीनियर्स पूर्व पदाधिकारी के द्वारा 78वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से हमारे संरक्षक अमरनाथ सिंह, अध्यक्ष एसपी सिंह, पूर्व पार्षद कुसुम सिंह, एमपी बंसल, आर के कौशिक, एस एन सिंह, अंकित मित्तल, विशाल सोलंकी, अंजनी सिंह, पवन बंसल, एस एस अधिकारी विनोद निझावन, एस बी यादव, कमल यादव, रितु गुप्ता, जानकी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Sudhir Goel
1d ·

आज अपना जन्मदिन अपनी माँ अपनी धर्मपत्नी और बच्चो के साथ मनाया और अपनी माँ का आशीर्वाद लिया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये संस्कार है ये परिवार है और ये सौभाग्य है। अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने अपना जन्मदिन अपनी मां के आशीर्वाद के साथ मनाया। बच्चों ने हैप्पी बर्थडे गाया और उनकी पत्नी उनकी माता जी और बच्चों ने उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ, की कामना की। ये एक संदेश सादगी का भी है, ये एक संदेश खुशियों को परिवार के साथ साझा करने का भी है। सुधीर गोयल मोनू की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।